रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18082020-221185
CG-DL-E-18082020-221185

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 199] नई दिल्ली, सोमवार, अगस्त 17, 2020/श्रावण 26, 1942
No. 199] NEW DELHI, MONDAY, AUGUST 17, 2020/SRAVANA 26, 1942

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 अगस्त, 2020

(अंतिम जांच परिणाम)

मामला सं. एडीडी-एसएसआर 14/2019

विषय : चीन जन.गण. तथा हांगकांग के मूल के अथवा वहां से निर्यातित " वूवन फैब्रिक्स (जिनमें फ्लैक्स की मात्रा 50 प्रतिशत से अधिक हो)" जिसे सामान्य रूप में "फ्लैक्स फैब्रिक" के रूप में भी जाना जाता है, के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की निर्णायक समीक्षा ।

फा. सं. 7/26/2019-डीजीटीआर.—क. मामले की पृष्ठभूमि :

1. समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम भी कहा गया है) और उसकी समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए; निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें आगे प्राधिकारी भी कहा गया है) ने दिनांक 3 अक्टूबर, 2008 की अधिसूचना सं. 14/8/2008-डीजीएडी के माध्यम से चीन जन.गण. और हांगकांग के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फ्लैक्स फैब्रिक्स के आयातों से संबंधित मूल जांच की शुरूआत की थी । प्राधिकारी ने दिनांक 17 फरवरी, 2009 की अधिसूचना सं. 14/8/2008-डीजीएडी द्वारा प्रारंभिक

जांच परिणाम अधिसूचित किए जिनमें अनंतिम पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की गई थी। प्राधिकारी द्वारा अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना दिनांक 1 अक्टूबर,2009 की अधिसूचना सं. 14/8/2008-डीजीएडी द्वारा जारी की गई थी जिसमें चीन जन.गण. और हांगकांग के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई थी । राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 21 दिसंबर, 2009 की अधिसूचना सं. 142/2009-सीमाशुल्क (एडीडी) द्वारा निश्यात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया गया था ।

2. प्राधिकारी ने दिनांक 10 मार्च, 2014 की अधिसूचना सं. 15/30/2013-डीजीएडी द्वारा प्रथम निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत की और जांच संचालित की थी । तत्पश्चात प्राधिकारी ने दिनांक 9 जून, 2015 की अधिसूचना सं. 15/30/2013-डीजीएडी द्वारा चीन जन.गण. और हांगकांग से फ्लैक्स फैब्रिक्स के आयातों पर निश्यात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी । यह शुल्क दिनांक 12 अगस्त, 2015 की अधिसूचना सं. 39/2015-सीमाशुल्क द्वारा लगाया गया था । दूसरी निर्णायक समीक्षा के अंतिम जांच परिणाम के अनुपालन में लागू पाटनरोधी शुल्क 11 अगस्त, 2020 तक लागू है । tks सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 23/2020-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 11/8/2020 के माध्यम से 11/11/2020 तक बढ़ाया गया है।

3. यत: मै. ग्रेसिम इडस्ट्रीज लिमिटेड- जय श्री टेक्सटाइल्स (जिसे आगे "आवेदक" भी कहा गया है) ने समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे आगे अधिनियम भी कहा गया है) और समय-समय पर यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे नियमावली भी कहा गया है) के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से प्राधिकारी के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें चीन जन.गण. और हांगकांग (जिन्हें आगे संबद्ध देश भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित **"**वूवन फैब्रिक्स (जिनमें फ्लैक्स की मात्रा 50 प्रतिशत से अधिक हो**)"** जिसे सामान्य रूप में **"**फ्लैक्स फैब्रिक**"** के रूप में भी जाना जाता है**, (**जिसे आगे संबद्ध वस्तु या विचाराधीन उत्पाद भी कहा गया है**)** के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच की निर्णायक समीक्षा का अनुरोध किया गया है ।

4. और यत: आवेदक द्वारा दायर विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन के मद्देनजर प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क (5) के अनुसार दिनांक 23 दिसंबर, 2019 की अधिसूचना सं. 7/26/2019-डीजीटीआर द्वारा निर्णायक समीक्षा की शुरूआत की थी ताकि संबद्ध देशों के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के संबंध में पाटनरोधी शुल्क को लागू रखने की समीक्षा की जा सके और इस बात की जांच की जा सके कि क्या उक्त शुल्क के समाप्त होने से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहने या उसकी पुनरावृति होने की संभावना है ।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

5. इस जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है :

i. प्राधिकारी ने उपलब्ध सूचना के अनुसार दिनांक 23 दिसंबर, 2019 को भारत में संबद्ध देशों के दूतावास, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादक/निर्यातक, ज्ञात आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरूआत अधिसूचना की प्रति भेजी थी । ज्ञात हितबद्ध पक्षकारों से विहित ढंग और तरीके से संगत सूचना प्रदान करने और विहित समयसीमा के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अनुरोध किया गया था ।

ii. निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति ज्ञात निर्यातकों/उत्पादकों की सूची के साथ संबद्ध देशों के दूतावासों को भी भेजी गई थी और उनसे संबद्ध देशों के निर्यातकों/उत्पादकों को विहित समय सीमा के भीतर उत्तर देने की सलाह देने का अनुरोध किया गया था ।

iii. आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देशों के दूतावास को उपलब्ध कराई गई थी ।

iv. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(2) और 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों के निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को एसएसआर की शुरूआत करने वाली सार्वजनिक सूचना की एक प्रति भेजी थी और पत्र की तारीख से 40 दिनों के भीतर लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अवसर दिया था ।

क. यांगजिन युआनडोंग टेक्सटाइल कं., चीन जन.गण.

ख. चांगशू टोंगहे ग्रुप कं. लि.

ग. हुआन हुआशेंग इंडस्ट्रियल एंड ट्रेडिंग कं. लि.

घ. मेंगयिन कॉटन टेक्सटाइल कं. लि.

ड. सुझोऊ जेनलोंग टेक्सटाइल कं. लि.

च. हरबिन चाओलेंग टेक्सटाइल कं. लि.

छ. वूजिन हुआनयू फ्लैक्स टेक्सटाइल कं. लि.

ज. जियांगशू फेनजा फ्लैक्स टेक्सटाइल मिल कं. लि.

झ. एचके जिसुआन इंट. इंडस्ट्री लिमिटेड

ञ. सुझोऊ नया ग्रुप

ट. बिनफेंजहुआंग फैब्रिक्स कं. लि.

ठ. क्विहार झोंगटेन टेक्सटाइल कं. लि.

ड. हुआफेंग रेमिक टेक्सटाइल कं. लि.

ढ. चांगशू लाइफेंग लिनेन एंड कॉटर वियरिंग कं. लि.

ण. हुआन गोल्डनटेक्स कं. लि.

त. वूजियांग होंगली टेक्सटाइल कं. लि.

थ. झूचेंग डिलियुआन टेक्सटाइल कं. लि.

द. यूएक्विन रिलायबल इलैक्ट्रिक कं. लि.

ध. शाओशिंग इन हैंड टेक्सटाइल कं. लि.

न. शाओशिंग गुक्को इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कं. लि.

प. हेनिंग यूटैक्स कं. लि.

फ. क्विंगडाओ यूझोऊ निट एंड टेक्सटाइल कं. लि.

ब. वूजियांग माइशोंडा सिल्क टेक्सटाइल कं. लि

v. किसी भी निर्यातक ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है और न ही उन्होंने कोई अन्य अनुरोध किया है ।

vi पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाने के लिए भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को प्रश्नावली भेजी गई थी :

क. के. मोहन टेक्सटाइल्स, बंगलौर, कर्नाटक

ख. प्रतीक अपैरल्स प्रा. लि. , कर्नाटक

ग. अम्बात्तूर क्लोदिंग कं. लि., तमिलनाडु

घ. आदित्य बिड़ला नूवो लि., कर्नाटक

ड. शाही एक्सपोर्ट प्रा. लि., फरीदाबाद

च. रिचा एंड कं., नई दिल्ली

छ. लीला स्कोटिस, चेन्नई तमिलनाडु

ज. कलरप्लस फेशन्स प्रा. लि., तमिलनाडु

झ. मलबरी सिल्क लिमिटेड, कर्नाटक

ञ. इंडियन टेनेद क्लोदिंग प्रा. लि., तमिलनाडु

ट. ओरिएंट क्लोदिंग कं. प्रा. लि., हरियाणा

ठ. मोहन क्लोदिंग कं. (प्रा.) लि., हरियाणा

ड. अनीश इडिया एक्सपोर्ट हरियाणा

ढ. गोकलदास इमेज्स, कर्नाटक

ण. प्रसाम एक्सपोर्टस, महाराष्ट्र

त. रेमेंड्स लिमिटेड (टेक्सटाइल डिविजन), मुंबई

थ. चोपडा एसोसिएट्स, मुंबई

vii. जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में किसी भी आयातक या प्रयोक्ता ने न तो प्रश्नावली का उत्तर दिया है और न ही कोई अन्य अनुरोध किया है।

viii. ऐसे निर्यातक विदेशी उत्पादक और अन्य हितबद्ध पक्षकार जिन्होंने न तो प्राधिकारी को उत्तर दिया है और न ही इस जांच से संगत सूचना प्रदान की है, को असहयोगी हितबद्ध पक्षकार माना गया है।

ix. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदत्त सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई है। संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो, गोपनीयता के दावे को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका प्रकटन नहीं किया है। जहां संभव हो, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।

x. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय अंश को अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निरीक्षण के लिए सार्वजनिक फाइल के रूप में उपलब्ध रखा था। जब भी उन्होंने सार्वजनिक फाइल या उसमें से दस्तावेजों की प्रतियों हेतु अनुरोध किया, उन्हें वह प्रदान की गई थी।

xi. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदत्त सूचना और आंकड़ों का आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया था।

xii. वर्तमान जांच के लिए जांच की अवधि (पीओआई) अप्रेल, 2018 से जून, 2019 (15 महीने) की है। तथापि, क्षति संबंधी जांच अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016, अप्रैल-2018 से मार्च, 2017 और अप्रैल 2017- से मार्च, 2018 तथा पीओआई की अवधियों में की गई थी।

xiii. वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकीय महानिदेशालय (डीजीसीआईएंड एस) से पिछले तीन वर्षों और जांच अवधि के लिए संबद्ध वस्तु के आयातों के ब्यौरे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था और उक्त सूचना डी जी सी आई एंड एस से प्राप्त हुई थी तथा उसे वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ अपनाया गया है।

xiv. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत और क्षतिरहित कीमत ज्ञात करने के लिए नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर संभव सीमा तक घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की है ताकि यह पता लगाया जा सके कि पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

xv. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को एक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया था। पहली मौखिक सुनवाई 28-5-2020 को हुई थी और इसके बाद दूसरी मौखिक सुनवाई निर्दिष्ट प्राधिकारी के बदलने के कारण 9 जुलाई, 2020 को हुई थी। तीन आवेदकों ने मौखिक सुनवाई में भाग लिया जिनसे मौखिक रूप से व्यक्त विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया था।

xvi. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने सूचना देने से मना किया है या अन्यथा वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है, या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर प्रकटन को दर्ज किया है।

xvii. प्रकटन विवरण 27.7.2020 को जारी किया गया था जिसमें निर्दिष्ट प्राधिकारी के विचाराधीन अनिवार्य तथ्यों का प्रकटन किया गया और प्रकटन विवरण के संबंध में टिप्पणियां यदि कोई हों, प्रस्तुत करने के लिए 29.7.2020 तक का समय दिया गया। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त प्रकटन पश्चात की टिप्पणियों पर समुचित रूप से विचार किया है।

xviii. *** चिन्ह किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई और पाटनरोधी नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

xix. प्राधिकारी ने पीओआई के दौरान प्रचलित औसत विनिमय दर को 1 अमरीकी डॉलर = 70.73 रूपए के रूप में अपनाया है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

ग.1 घरेलू उद्योग के विचार

6. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं :-

i. विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. और हांगकांग के मूल का अथवा वहां से निर्यातित फ्लैक्स फैब्रिक है जिसमें फ्लैक्स की मात्रा 50 प्रतिशत से अधिक है। इसे सामान्यत: सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 53 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

ii. "फ्लैक्स" और "लिनेन" समानार्थी हैं और फ्लैक्स शब्द को लिनेन के रूप में भी जाना जात है और इसका प्रयोग फ्लैक्स फाइबर से यार्न और फैब्रिक बनाने में किया जा सकता है। इसका प्राय: जेनरिक रूप में वूवन बैड, बाथ टब, टेबल और किचन वस्त्र के वर्णन के लिए किया जाता है क्योंकि पारंपरिक रूप से फ्लैक्स, टावल शीट आदि के लिए व्यापक रूप से प्रयोग होता है।

iii. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद पूर्व में हुई जांच में यथापरिभाषित के समान रहेगा।

iv. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में विगत अवधि में कोई खास विकास नहीं हुआ है।

v. विचाराधीन उत्पाद को फ्लैक्स नाम सेल्यूलोसिक प्लांट में बनाया जाता है जिसे वस्तुत: फ्रांस और बेल्जियम जैसे उत्तर यूरोपीय देशों में उगाया जाता है। इन फाइबर को तत्पश्चात वैट स्पिनिंग प्रक्रिया के जरिए लिनेन यार्न में बदला जाता है जो किसी अन्य स्पिनिंग प्रक्रिया के लिए अद्वितीय है। इस लिनेन यार्न को बुनाई के लिए यथाअपेक्षित ग्रे या रंगे हुए रूप में प्रयोग किया जाता है। बुनाई के बाद इसका प्रसंस्करण और तैयारी की जाती है तथा बाजार में बेचा जाता है।

vi घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद के समान वस्तु है।

ग.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

7. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के बारे में निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

8. मूल जांच, पूर्ववर्ती निर्णायक समीक्षा तथा वर्तमान निर्णायक समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद फ्लैक्स फैब्रिक है। पूर्ववर्ती जांच में विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था :

विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. और हांगकांग के मूल का अथवा वहां से निर्यातित फ्लैक्स फैब्रिक है, जिसे सामान्यत: सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 53 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। "फ्लैक्स" और "लिनेन" समानार्थी हैं और फ्लैक्स शब्द को लिनेन के रूप में भी जाना जाता है और इसका प्रयोग जेनरिक रूप में बूवन बैड, बाथ टब, टेबल और किचन वस्त्र के वर्णन के लिए किया जाता है क्योंकि पारंपरिक रूप से फ्लैक्स, टावल शीट आदि के लिए व्यापक रूप से प्रयोग होता है। इस उत्पाद को सीमाशुल्क टैरिफ अध्याय 53 के अंतर्गत उपशीर्ष 53.09 में वर्गीकृत किया जाता है। सीमाशुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतक है और जांच के दायरे में बाध्यकारी नहीं है।

घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित किया जा रहा बूवन फैब्रिक (जिसमें फ्लैक्स की मात्रा 50 प्रतिशत से अधिक है) समान वस्तुएं हैं और नियमावली के अर्थ के भीतर विचाराधीन उत्पाद हैं।

प्राधिकारी नोट करते हैं कि ग्रेड वार उत्पादन विवरण के अनुसार घरेलू उद्योग ने 30-50 प्रतिशत फ्लैक्स मात्रा वाले फैब्रिक् का उत्पादन किया है। यह कुल उत्पादन का 0.62 प्रतिशत है। चूंकि घरेलू उद्योग 50 प्रतिशत तक की फ्लैक्स मात्रा वाले फैब्रिक का पर्याप्त उत्पादन नहीं कर रहा है, इसलिए प्राधिकारी ने 50 प्रतिशत से अधिक फ्लैक्स मात्रा वाले उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के निष्कर्ष के रूप में माना है।

9. प्राधिकारी ने पाया कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तु भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण जैसी विशेषताओं की दृष्टि से तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता इनका प्रयोग एक दूसरे के स्थान पर कर रहे हैं। विचाराधीन उत्पाद का आयात करने वाले उपभोक्ताओं ने इसे घरेलू उद्योग से भी खरीदा है। इसके मद्देनजर घरेलू उद्योग द्वारा उतपादित विचाराधीन उत्पाद को संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद के समान वस्तु माना गया था।

10. किसी भी आयातक, निर्यातक और अन्य हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के दायरे के संबंध में कोई तर्क नहीं दिया है। उपर्युक्त के मद्देनजर और जांच तथा रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्तमान समीक्षा जांच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जांच के समान ही रहेगा।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा और स्थिति

घ.1 <u>घरेलू उद्योग के विचार</u>

11. घरेलू उद्योग की स्थिति और दायरे के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:-

क. वर्तमान आवेदन मै. ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड – जय श्री टैक्सटाइल द्वारा दायर किया गया है। यह आवेदन विचाराधीन उत्पाद के 25 उत्पादकों द्वारा समर्थित है। आवेदक ने न तो संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयात किया है और न ही वे संबद्ध देशों में किसी निर्यातक या उत्पादक से संबंधित हैं। आवेदक के पास भारतीय उत्पादन का बड़ा हिस्सा है। विचाराधीन उत्पाद के अनेक उत्पादकों ने आवेदन का समर्थन किया है अत: यह आवेदन नियमावली के अधीन स्थिति संबंधी अपेक्षा को पूरा करता है और आवेदक "घरेलू उद्योग" है।

ख. आवेदक विचाराधीन उत्पाद के एक आयातक आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड से संबंधित है। तथापि, वे आयात लागू एडीडी के भुगतान के बाद और चीन के फैब्रिक के परीक्षण हेतु किए गए थे। आयातक द्वारा किया गया विचाराधीन उत्पाद का आयात नगण्य मात्रा में है।

ग. आवेदक ने घरेलू उद्योग के विचाराधीन उत्पाद के वास्तविक उत्पादन, समर्थकों के 50 प्रतिशत (50%) उत्पादन और अन्य भारतीय उत्पादकों के 50 प्रतिशत (50%) उत्पादन के आधार पर स्थिति निर्धारित की है।

घ.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

12. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के बारे में निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने कोई अनुरोध नहीं किया है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

13. नियमावली का नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:-

"(ख)"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।

14. प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद 50 प्रतिशत से अधिक फ्लैक्स मात्रा वाला फ्लैक्स फैब्रिक है । फ्लैक्स फैब्रिक में लगभग 100 प्रतिशत से कम से कम 30 प्रतिशत के बीच फ्लैक्स यार्न की मात्रा हो सकती है जैसा मूल जांच में नोट किया गया था। इसके अलावा, देश में इस उत्पाद का उत्पादन असंगठित एम एस एम ई क्षेत्र सहित काफी बिखरा हुआ है। देश में कोई बुनकर फ्लैक्स सहित विभिन्न प्रकार के फैब्रिक्स बुन सकता है। अनेक ऐसे उत्पादक हैं, जो अन्यथा सूती वस्त्र का उत्पादन करते है और कुछ मात्रा में फ्लैक्स फैब्रिक का भी उत्पादन करते हैा। आवेदक ने अनुरोध किया है कि देश में उत्पाद के सकल घरेलू उत्पादन के संबंध में कोई प्रकाशित आंकड़े नहीं हैं, फ्लैक्स फैब्रिक का उत्पादन असंगठित क्षेत्र में किया जा रहा है और इसलिए उत्पादन का आकलन कच्ची सामग्री की खपत के आधार पर और खपत की प्रवृति तथा पूर्ववर्ती दो जांचों के संदर्भ में करना अपेक्षित है। इस मुद्दे पर मूल जांच परिणाम और पूर्ववर्ती निर्णायक समीक्षा जांच में भी विचार किया गया था। फ्लैक्स यार्न के मामले में अधिसूचित अंतिम जांच परिणाम और वर्तमान उत्पाद में अधिसूचित अंतिम जांच परिणाम स्पष्टत: सिद्ध करते हैं कि देश में फ्लैक्स यार्न के अधिकांश उत्पादन की खपत 50 प्रतिशत से कम फ्लैक्स फैब्रिक के उत्पादन में होती है। प्राधिकारी ने 2013-14 में फ्लैक्स फैब्रिक के उत्पादन को 202 लाख एस क्यू एम पाया है जबकि 2014-15 में फ्लैक्स यार्न की खपत 15698 एम टी पायी गई थी (फ्लैक्स यार्न से संबंधित अंतिम जांच परिणाम में) फ्लैक्स फैब्रिक यार्न के लिए खपत कारक पर विचार करते हुए यह देखा गया है कि 2013-14 में यार्न की खपत केवल 5000 एम टी के आस-पास रही थी। यह भी देखा गया है कि खपत की प्रवृति में कोई खास उछाल नहीं आया है।

15. इस मुद्दे पर मूल जांच और पूर्ववर्ती निर्णायक समीक्षा जांच में भी विस्तार से विचार किया गया था । चूंकि फ्लैक्स फैब्रिक का उत्पादन असंगठित क्षेत्र में हो रहा है, इसलिए उसके उत्पादन के संबंध में कोई सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना नहीं है। अत: पीयूसी के उत्पादन का आकलन कच्ची सामग्री की खपत और पूर्ववर्ती दो जांचों में अपनाई गई खपत की प्रवृति के संदर्भ में करना सर्वोत्तम हो सकता है। यह नोट किया जा सकता है कि उत्पाद के उत्पादन का वर्तमान मामले में और पूर्ववर्ती जांच में फ्लैक्स यार्न की खपत के आधार पर आकलन किया गया है। यद्यपि, पूर्ववर्ती जांचों के समय देश में फ्लैक्स यार्न का केवल एकमात्र उत्पादक था, तथापि, अब 7 कंपनियों द्वारा फ्लैक्स यार्न उत्पादित किया जा रहा है। इसके अलावा, देश में फ्लैक्स यार्न का आयात भी हो रहा है, जैसा पिछली जांचों में भी पाया गया था, फैब्रिक के कुछ उत्पादक एस ई जैड या ई ओ यू में हैं। एस ई जैड द्वारा आयात को सकल भारतीय उत्पादन ज्ञात करने हेतु शामिल नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता ने भारतीय बाजार में खपत के लिए उनके द्वारा बेचे गए फ्लैक्स यार्न के संबंध में सूचना दी है। अत: फ्लैक्स यर्न की खपत फ्लैक्स यार्न उत्पादकों द्वारा की गई बिक्री के आधार पर निर्धारित की गई है। भारत में किए गए आयातों को इन बिक्रियों में जोड़ा गया है। ऐसी स्थिति में जबकि उत्पादन बिखरा हुआ और एमएसएमई क्षेत्र में है, प्राधिकारी ने अन्य जांचों तथा पहले कच्ची सामग्री खपत के आधार पर सकल भारतीय

उत्पादन निर्धारित किया है । वर्तमान मामले में सभी अलग-अलग कंपनियों के उत्पादन को एकत्रित करना व्यवहार्य नहीं है । देश में ऐसी कोई एजेंसी नहीं है जो इतनी सूक्ष्म सूचना को एकत्रित करती हो । अत: ऐसी स्थितियों में भारतीय उत्पादन की मात्रा ज्ञात करना कच्ची सामग्री की खपत अथवा तैयार डाउन स्ट्रीम उत्पाद की खपत पर विचार करते हुए आकलित करना सर्वाधिक उपयुक्त है । वर्तमान जैसे उत्पाद में उत्पादन की मात्रा कच्ची सामग्री की खपत के आधार पर वैज्ञानिक रूप से ज्ञात की जा सकती है । यह नीति पूर्ववर्ती प्रक्रिया से भी संगत है । प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि बिखरे हुए उद्योग के मामले में डी आई के दायरे की चुनौतियों को एडी जांचों में वैश्विक रूप से भली भांति मान्यता दी गई है ।

16. देश में फ्लैक्स यार्न की खपत पर विचार करते हुए, जय श्री द्वारा खपत को बाहर रखने के बाद और शेष खपत के 50 प्रतिशत को संबंधित उत्पाद की खपत मानते हुए पीयूसी का सकल भारतीय उत्पादन 269.16 लाख एसक्यूएम पाया गया है जबकि आवेदक का उत्पादन *** लाख एसक्यूएम था । अत: केवल आवेदक का उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का 25-35 प्रतिशत था ।

17. इसके अलावा, अनेक अन्य घरेलू उत्पादकों द्वारा आवेदक का समर्थन किया गया है जिनमें बी.के. टेक्सटाइल, बालेश्वर सिनफैब एलएलपी, बालेश्वर सिंथेटिक टेक्सटाइल्स प्रा. लि., भावना फैब्रिक्स, बॉम्बे रेयन फैशन लिमिटेड, सी एंड आर टैक्सटाइल्स प्रा. लि., दर्शन क्रिएशन प्रा. लि., जगदम्बा फैब्रिक्स, जगदम्बा टैक्सटाइल्स प्रा. लि., केशरी इंडस्ट्रीज लि., कोटेक्स इंडस्ट्रीज प्रा. लि., ली वीविंग, मधुसूदन वीवर्स, नार्थ ब्रदर्स एग्जिम इंटरनेशनल लि., राघव एटंरप्राइजेज, रेमंड्स लग्जरी कॉटन्स लिमिटेड, आर एस एल डायकोट प्रा. लि., श्री कृष्णा सिल्क, सिल्वरलाइन फैशन फैब्रिक्स लि., स्वस्ति विनायक सिंथेटिक्स लि., टॉपमेंन इंटरनेशनल लि., वरनी वैलवीव, विराट फैशन वीविंग ट्रेन्ड्स, ब्रिजेश नेचुरल फाइबर्स एंड फैब्रिक्स (इंडिया) प्रा. लि.,। तथापि, वरनी वैलवीव, मधुसूदन वीव्स, दर्शन क्रिएशन प्रा. लि., सिल्वरलाइन फैशन फैब्रिक्स लि. तथा बालेश्वर सिनफैब एलएलपी को छोड़कर समर्थकों के उत्पादन सहित आवेदक का उत्पादन 50 प्रतिशत से काफी अधिक है ।

18. आवेदकों ने प्रमाणित किया है कि वे संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तु के निर्यातकों से संबंधित नहीं हैं, न ही उन्होंने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात किया है । आवेदक ने बताया है कि वे आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड एबीएफआर जिन्होंने संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु का आयात किया है, से संबंधित हैं । यह आयात कुल आयात के 0.5 प्रतिशत से कम है और कुल मांग या कुल भारतीय उत्पादन के 0.1 प्रतिशत से कम है । किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने नियमवली के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग होने की आवेदक की पात्रता के विरूद्ध कोई तर्क नहीं दिया है । इस तथ्य के होते हुए भी कि नियम 23 के लिए नियम 5 आवश्यक संशोधनों के साथ लागू नहीं है, प्राधिकारी ऊपर वर्णित नीति को अपनाते हुए अपने स्वयं द्वारा याचिकाकर्ता की स्थिति और पात्रता की एतदद्वारा पुष्टि करते हैं । समर्थकों के साथ आवेदक याचिकाकर्ता का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन के 50 प्रतिशत से काफी अधिक है ।

ड. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण

ड.1 सामान्य मूल्य

19. धारा 9क (1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा:*

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

(ख) उपधारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री औश्र सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत :

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

20. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध निम्नानुसार हैं :-

क. किसी भी निर्यातक ने प्राधिकारी द्वारा जारी प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। अत: नियम 6(8) के अनुसार निर्यातकों को असहयोगी माना जाना चाहिए और प्राधिकारी को सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के अनुसार कार्यवाही करनी चाहिए।

ख. आवेदक ने चीन के एक्सेसन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15(क)(i) का उल्लेख और उस पर भरोसा किया है और यह बताया है कि चीन के उत्पादकों को यह दर्शाने का निर्देश दिया जाए कि अनुच्छेद 15(क)(i) के प्रावधानों के अंतर्गत समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की दशाएं मौजूद हैं ताकि चीन की कीमतें और लागतें जांचाधीन उत्पाद के लिए प्रयोग की जा सकें। इसके अलावा, आवेदक ने ऐसे साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं जो यह सिद्ध करने में संगत हैं कि विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान वस्तु के उत्पादक उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की दशाएं मौजूद हैं।

ग. आवेदक ने दावा किया है कि यदि ऊपर उल्लिखित दृष्टिकोण नियमावली के पैरा 1-6 के प्रावधानों के अनुसार लागू नहीं है तो भी चीन की घरेलू लागतें और कीमतें तब तक स्वीकृत नहीं हो सकती हैं, जब तक कि चीन के निर्यातक बाजार अर्थव्यवस्था की जांच में उत्तीर्ण न हो जाएं। उपर्युक्त गैर-बाजार अर्थव्यवस्था मान्यता के मद्देनजर और चीन के प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा उसके खंडन के अधीन चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य का अनुमान नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा-7 के अनुसार लगाया गया है।

घ. उपर्युक्त के मद्देनजर आवेदक ने घरेलू उद्योग की लागत को बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्ययों सहित विधिवत रूप से समायोजित करके भारत में लागत के आधार पर चीन में सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

ड. आवेदक ने दावा किया है कि फ्रांस को प्रतिनिधि देश माना जाना चाहिए और फ्रांस से यूरोपीय संघ के अन्य देशों को निर्यात कीमत के आधार पर विधिवत समायोजनों के पश्चात सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

च. आवेदक ने हांगकांग में सामान्य मूल्य का दावा हांगकांग की खपत कीमत के आधार पर किया है जिसे आवश्यक समायोजनों के पश्चात हांगकांग में उत्पाद की आयात कीमत के अनुसार निर्धारित किया गया है।

छ. निर्यात कीमत को निवल निर्यात कीमत ज्ञात करने के लिए समुद्री भाड़ा, अंतरदेशीय भाड़ा व्यय, पत्तन व्यय, बैंक प्रभार और समुद्री बीमा तथा चीन के मामले में वैट अंतर के लिए समायोजित किया गया है।

ज. परिलित पाटन मार्जिन न केवल अत्यधिक है, बल्कि काफी अधिक है।

ड.3 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

21. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं।

ड.4 प्राधिकारी द्वारा जांच

<u>चीन के उत्पादकों के लिए बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा</u>

22. *डब्ल्यू टी ओ में चीन के एक्सेससन प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था है: " जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI का कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों में शामिल कार्यवाही में निम्नलिखित के संगत लागू होगा :*

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(ख) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज्य हायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(ग) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(घ) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

23. यह नोट किया जाता है कि यद्यपि अनुच्छेद 15 (क)(ii) में दिए गए प्रतिबंध 11.12.2016 को समाप्त हो चुके हैं । तथापि, एक्सेशन प्रोटोकॉल के 15 (क)(ii) के अंतर्गत दायित्व के साथ पठित डब्ल्यू टी ओ के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधान में भारतीय नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 8 में निर्धारित मापदंडों को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जे के दावे संबंधी पूरक प्रश्नावली में प्रदान की जाने वाली सूचना/आंकड़ों के जरिए पूरा किया जाना अपेक्षित है । चूंकि चीन जन.गण. से किसी उत्पादक ने भाग नहीं लिया है, इसलिए सामान्य मूल्य नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा-7 के अनुसार निर्धारित किया गया है ।

ड.5 चीन जन.गण. में सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण

24. नियमावली के अनुबंध-। के पैरा-7 में निम्नानुसार उपबंध है:

''गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की कीमत अथवा संरचित मूल्य, अथवा किसी तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव न हो, अथवा अन्य किसी समुचित आधार पर किया जाएगा जिसमें भारत में समान वस्तु के लिए वास्तिव रूप से संदत्त अथवा भुगतान योग्य कीमत, जिनमें यदि आवश्यक हो तो लाभ की समुचित गुंजाइश भी शामिल की जाएगी निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे समुचित देश का चयन उचित तरीके से किया जाएगा जिसमें संबंधित देश के विकास के स्तर तथा प्रश्नगत उत्पाद का ध्यान रखा जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना का भी ध्यान रखा जाएगा । जहां उचित हो, उचित समय सीमा के भीतर किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में इसी प्रकार के मामले में की गई जांच पर भी ध्यान दिया जाएगा । जांच से संबंधित पक्षों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त प्रकार से चयन के बारे में बिना किसी विलंब के सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित अवधि प्रदान की जाएगी । ''

25. नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा-7 में यथाप्रदत्त अन्य पद्धतियों के संबंध में रिकॉर्ड में पर्याप्त सूचना के अभाव में "किसी अन्य तर्कसंगत आधार" संबंधी पद्धति पर विचार करते हुए सामान्य मूल्य निर्धारित करना प्रस्तावित है । अत: प्राधिकारी ने चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य भारत में उत्पादन लागत को बिक्री, समान्य और प्रशासनिक व्ययों तथा तर्कसंगत लाभ को जोड़कर विधिवत रूप से समायोजित कर इसके आधार पर परिकलित किया है । प्राधिकारी द्वारा पी ओ आई के लिए इस प्रकार निर्धारित परिकलित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है :-

ड.6 हांग कांग में सामान्य मूल्य

26. चूंकि हांकांग से किसी उत्पादक ने विहित ढंग और पद्धति से प्रश्नावली का न तो उत्तर दिया है और न ही संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य के संबंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया है । इसलिए, प्राधिकारी उपलब्ध तथ्यों के आधार पर इस देश में सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए बाध्य हैं । तद्नुसार, प्राधिकारी ने सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना पर आधारित उत्पादन लागत के अनुमानों के आधार पर हांगकांग में सामान्य मूल्य परिकलित किया है । हांगकांग के लिए इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है :

ड.7 निर्यात कीमत का निर्धारण

27. चूंकि संबद्ध देशों में किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने सहयोग नहीं किया है इसलिए प्राधिकारी ने सीआईएफ कीमत के निर्धारण हेतु डीजीसीआईएंड एस के आयात आंकड़ों को अपनाया है । निर्यात कीमत को भारत में भारित औसत आयात कीमत के आधार पर निर्धारित किया गया है ।

28. चीन जन.गण. और हांगकांग से निर्यातकों के असहयोग के मद्देनजर आवेदक द्वारा किए गए दावों के आधार पर कीमत समायोजन किए गए हैं । निर्यात कीमत को समुद्री भाड़ा, समुद्री बीमा, कमीशन, बैंक प्रभार, अंतरदेशीय भाड़ा व्यय, पत्तन व्यय और चीन के मामले में वैट अंतर के लिए समायोजनों पर विचार करने के बाद कारखाना द्वार स्तर पर निर्धारित किया गया है ।

ड.8 संबद्ध देशों में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन का निर्धारण

29. यथोक्त सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु के सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है । यह देखा गया है कि पाटन मार्जिन न्यूनतम सीमा से अधिक और काफी अधिक है । इस प्रकार, उत्पाद का पाटन वर्तमान अवधि में जारी है ।

विवरण	इकाई	चीन	हांगकांग
सामान्य मूल्य का आधार		परिकलित	परिकलित
सामान्य मूल्य	(अम.डॉ./एमटीआर)	***	***
निर्यात कीमत	(अम.डॉ./एमटीआर)	***	***
पाटन मार्जिन	(अम.डॉ./एमटीआर)	***	***
पाटन मार्जिन	%	***	***
पाटन मार्जिन	रेंज	80-100	20-40

च. क्षति और कारणात्मक संबंध का आकलन

30. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।"

31. नियमावली के नियम 23 में प्रावधान है कि नियम 6,7,8,9,10,11,16,18,19 और 20 के प्रावधान किसी समीक्षा के मामले में आवश्यक संशोधनों के साथ लागू होंगे । यदि घरेलू उद्योग का कार्य निष्पादन दर्शाता है कि उसे वर्तमान क्षति अवधि के दौरान क्षति नहीं हुई है तो प्राधिकारी यह निर्धारित करेंगे कि क्या वर्तमान शुल्क को हटाने से घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृति होने की संभावना है ।

32. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने हेतु आवेदन मै. ग्रेसिम इंडस्ट्रीज (जय श्री टैक्सटाइल्स) द्वारा दायर किया गया है और पूर्व संगत पैरा में यथा वर्णित अनेक समर्थकों द्वारा समर्थित है । नियमावली के नियम 2(ख) के अनुसार आवेदक को इस जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग माना गया है । अत: इस निर्धारण के प्रयोजनार्थ आवेदक की लागत और क्षति संबंधी सूचना की जांच की गई है ।

च.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

33. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में घरेलू उद्योग के अनुरोध नीचे पुन: प्रस्तुत किए गए हैं :

i. उत्पाद से संबंधित सभी पूर्ववर्ती जांचों में निर्धारित पाटन मार्जिन सकारात्मक रहा है ।

ii. पाटनरोधी शुल्क की मौजूदगी में भारी आयात शुल्क हटाए जाने की दशा में आयात में वृद्धि की संभावना दर्शाता है ।

iii. संबद्ध देशों से आयातों के कारण भारी कीमत कटौती हो रही है जो दर्शाता है कि शुल्क हटाए जाने की स्थिति में कीमत कटौती और अधिक होगी ।

iv. संबद्ध देशों ने विदेशी उत्पादकों के पास अतिरिक्त उत्पादन क्षमताएं काफी अधिक हैं । वर्तमान शुल्क को हटाने से संबद्ध देशों से पाटन पुन: शुरू हो जाएगा । इससे अंतत: घरेलू उद्योग को क्षति होगी ।

v. चीन में विचाराधीन उत्पाद के लिए इतनी भारी क्षमताएं मौजूद हैं, जो चीन में मांग से काफी अधिक हैं।

vi संबद्ध देशों में अधिकांश उत्पादक उनके अपने घरेलू बाजारों में बेचने के बजाए विचारधीन उत्पाद का निर्यात करते हैं। इससे संबद्ध देशों में विनिर्माताओं का निर्यातोन्मुख होना स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है।

vii. चूंकि निर्यातकों के पास काफी अधिक अतिरिक्त क्षमताएं हैं, इसलिए निर्यातकों को भारतीय बाजार आकर्षक लगेगा। भारतीय बाजार अत्यधिक कीमत संवेदी है। उपभोक्ता कीमतों पर सर्वाधिक विचार करके अपनी खरीद का निर्णय लेते हैं। वर्तमान एडीडी के हटने पर घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री कीमत घटानी होगी अन्यथा संबद्ध देशों से कम कीमत के आयातों की उपलब्धता के कारण घरेलू उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

viii. वे कीमतें जिन पर संबद्ध वस्तुओं का आयात हो रहा है, घरेलू बाजार में वस्तु की बिक्री कीमत से काफी कम हैं। चीन के निर्यातक न केवल भारत में पाटन कर रहे हैं बल्कि अन्य देशों में भी पाटन कर रहे हैं। तीसरे देश में पाटन की प्रासंगिकता यह है कि उससे निर्यातकों के कीमत व्यवहार का पता चलता है। इससे पता चलता है कि संबद्ध देश के निर्यातक विभिन्न देशों में संबद्ध वस्तु की बिक्री हेतु अनुचित कीमत निर्धारण को अपनाते हैं जो बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा को नष्ट कर देता है।

ix. संभावना के मामले में यदि एक या दो मापदंड पूरे होते हैं तो शुल्क को जारी रखा जा सकता है।

च.2 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

34. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निर्यातकों/अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किए गए हैं :-

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

35. नियमावली के अनुबंध-II में (क) पाटित आयातों की मात्रा और घरेलू बाजार में समान वस्तुओं की कीमत पर पाटित आयातों के प्रभाव, एवं (ख)ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव, दोनों की तथ्यपरक जांच का प्रावधान है। जहां तक पाटित आयातों के मात्रात्मक प्रभाव का संबंध है, प्राधिकारी के लिए यह जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप में या भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में पर्याप्त वृद्धि हुई है। जहां तक कि पाटित आयातों के कीमत प्रभाव का संबंध है, प्राधिकारी के लिए यह जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कीमत में पर्याप्त कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे उत्पादों के प्रभाव से कीमत में काफी अधिक मात्रा में अन्यथा गिरावट आई है अथवा होने वाली इस वृद्धि में रुकावट आई है जो अन्यथा काफी अधिक स्तर तक बढ़ गई होती।

36. वर्तमान जांच लागू पाटनरोधी शुल्क की एक निर्णायक समीक्षा है। नियम 23 में यह उपबंध है कि नियम 11 के प्रावधान किसी समीक्षा के मामले में भी आवश्यक संशोधनों सहित लागू होंगे। अत: प्राधिकारी ने अनुबंध-II के साथ पठित नियम 11 के प्रावधानों पर आवश्यक संशोधनों सहित विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति निर्धारित की है। अनुबंध-II के साथ पठित नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।"

37. जहां तक घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव का संबंध है, नियमावली के अनुबंध- II के पैरा (IV) में निम्नानुसार उल्लेख है:

"(iv)संबंधित घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता उपयोग में स्वाभाविक और संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और संकेतकों, घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता को प्रभावित करने वाले कारकों का मूल्यांकन शामिल होगा।"

38. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के मात्रा और कीमत प्रभावों तथा कीमत और लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की जांच की है ताकि क्षति और पाटन और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध, यदि कोई हो, की मौजूदगी की जांच की जा सके । प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को नोट किया है और नियमावली के अनुसार घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच की है ।

39. यह आवश्यक नहीं है कि क्षति के सभी मापदंडों में गिरावट दर्शायी जाए । कुछ मापदंडों में गिरावट हो सकती है जबकि कुछ में नहीं । प्राधिकारी क्षति संबंधी सभी मापदंडों पर विचार करते हैं और तत्पश्चात इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति हुई है अथवा नहीं । प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए तथ्यों और किए गए अनुरोधों पर विचार करते हुए क्षति संबंधी मापदंडों की निम्नानुसार जांच की है :

छ. मांग का आकलन

40. संबद्ध वसतु की घरेलू खपत/मांग के आकलन के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की बिक्री मात्रा को भारत में कुल आयातों में जोड़ा गया है और उनका सारांश निम्नानुसार है :

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
घरेलू उद्योग की बिक्री	000 एमटीआर	***	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*89*	*92*	*90*	*90*
सहयोगियों की बिक्री+ अन्य भारतीय उत्पादक	000 एमटीआर	***	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*87*	*82*	*111*	*111*
आयात – संबद्ध देश	000 एमटीआर	5,224	4,555	4,855	7,021	5,617
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*87*	*93*	*108*	*108*
चीन (संबद्ध देश)	000 एमटीआर	5,088	4,466	4,781	6,421	5,137
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*88*	*94*	*101*	*101*
हांगकांग (संबद्ध देश)	000 एमटीआर	136	88	74	600	480
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*65*	*55*	*353*	*353*
आयतक - अन्य देश	000 एमटीआर	177	223	259	421	337
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*126*	*146*	*190*	*190*
कुल मांग	000 एमटीआर	30,020	26,245	26,116	39,660	31,728
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*87*	*87*	*106*	*106*

41. यह नोट किया जाता है कि विचाराधीन उत्पाद की माग में 2015-16, 2016-17 और 2017-18 में गिरावट आई है परंतु 2015-16 और पीओआई में समान स्तर पर बहाल हो गई है।

ज. पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. आयात मात्रा और बाजार हिस्सा

42. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से अथवा भारत में उत्पादन और खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है । तथापि, वर्तमान मामले में पाटनरोधी शुल्क लागू है । संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तु की आयातों की मात्रा का निम्नानुसार विश्लेषण किया गया है :

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
आयात मूल्य						
आयात - संबद्ध देश	000 एमटीआर	5,224	4,555	4,855	7,021	5,617
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*87*	*93*	*108*	*108*
चीन (संबद्ध देश)	000 एमटीआर	5,088	4,466	4,781	6,421	5,137
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*88*	*94*	*101*	*101*
हांगकांग (संबद्ध देश)	000 एमटीआर	136	88	74	600	480
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*65*	*55*	*353*	*353*
अन्य देश	000 एमटीआर	177	223	259	421	337
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*126*	*146*	*190*	*190*
कुल आयात	000 एमटीआर	5,401	4,778	5,115	7,442	5,953
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*88*	*95*	*110*	*110*
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध देशों से आयात						
कुल आयात	%	96.73	95.33	94.93	94.35	94.35
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*99*	*98*	*98*	*98*
कुल भारतीय उत्पादन	000 एमटीआर	25,972	22,972	21,552	33,645	26,916
भारतीय उत्पादन	%	20.12	19.83	22.53	20.87	20.87
भारतीय उत्पादन	*सूचीबद्ध*	*100*	*99*	*112*	*104*	*104*
कुल भारतीय मांग	000 एमटीआर	30,020	26,245	26,116	39,660	31,728
भारतीय खपत	%	17.40	17.35	18.59	17.70	17.70
भारतीय उत्पादन	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*107*	*102*	*102*

43. यह देखा गया है कि:

i. वर्ष 2016-17 में संबद्ध देशों से आयात में गिरावट आई है परंतु उसके बाद 2017-18 में और उसके बाद पीओआई में इसमें वृद्धि हुई है। आवेदकों ने उल्लेख किया है कि जांच अवधि के बाद की अवधि के दौरान आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

ii. जांच की अवधि में भारत में कुल आयातों में संबद्ध देशों से आयातों का हिस्सा काफी अधिक है। संबद्ध देशों से आयात, भारत में संबद्ध वस्तुओं के कुल आयात का 94% है।

iii. क्षति की अवधि में भारतीय उत्पादन तथा माँग की तुलना में संबद्ध देशों से आयात बढ़ा है।

झ. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

44. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संदर्भ में यह विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है कि क्या भारत में समान उत्पादों की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में उल्लेखनीय रूप से कटौती की गई है, अथवा ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों को उल्लेखनीय स्तर तक कम करने अथवा सामान्य रूप से अन्यथा कीमतों में होने वाली वृद्धि को काफी हद तक रोकने के रूप में हुआ है। संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर हुए प्रभाव की कीमत में कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमतों को दबाने और कीमतों में गिरावट लाने, यदि कोई हो, के संदर्भ में जाँच की गई है। इस विश्लेषण के उद्देश्य से घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत, निवल बिक्री प्राप्ति और क्षतिरहित कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयातों की पहुँच कीमत के साथ की गई है।

क. कीमत कटौती

45. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयात कीमतों में कटौती कर रहे हैं, प्राधिकारी ने निम्नानुसार आयातों की पहुँच कीमत की तुलना घरेलू उद्योग की औसत बिक्री कीमत से की है। आयातों की पहुँच कीमत, घरेलू कीमतें और कीमत कटौती का अंतर नीचे दी गई तालिका में दर्शाए गए हैं:

चीन जन.गण.

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/मी.	***	***	***	***	***
पहुँच कीमत	₹/मी.	280.96	267.94	236.73	277.81	277.81
कीमत कटौती	₹/मी.	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	श्रेणी	40-60	40-60	60-80	40-60	40-60

हाँग काँग

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/ मी.	***	***	***	***	***
पहुँच कीमत	₹/ मी.	314.80	318.19	290.99	364.10	364.10
कीमत कटौती	₹/ मी.	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	श्रेणी	20-40	20-40	40-60	20-40	20-40

औसत

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
निवल बिक्री प्राप्ति	₹/ मी.	***	***	***	***	***
पहुँच कीमत	₹/ मी.	281.84	268.92	237.56	285.18	285.18
कीमत कटौती	₹/ मी.	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	%	***	***	***	***	***
कीमत कटौती	श्रेणी	40-60	40-60	60-80	40-60	40-60

46. यह देखा गया है कि प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की पहुँच कीमत घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति से कम रही है, जो कीमतों में बढ़ती हुई कटौती को दर्शाता है।

ख. <u>कीमत ह्रास एवं न्यूनीकरण</u>

47. यह निर्धारित करने के लिए क्या आयातों का प्रभाव कीमतों को एक उल्लेखनीय हद तक दबाना अथवा अन्यथा कीमत में होने वाली वृद्धि को रोकना है, प्राधिकारी ने क्षति की अवधि, जब एडीडी लागू था, में आयातों की पहुँच कीमत, और घरेलू उद्योग की लागतों तथा कीमतों में परिवर्तन पर विचार किया।

विवरण	इकाई	2015-16	2016-17	2017-18	पीओआई	
					वास्तविक	वार्षिकीकृत
बिक्री लागत	₹/ मी.	***	***	***	***	***
रुझान	सूचीबद्ध	*100*	*119*	*124*	*122*	*122*
बिक्री कीमत	₹/ मी.	***	***	***	***	***
रुझान	सूचीबद्ध	*100*	*100*	*102*	*107*	*107*
पहुँच कीमत	₹/ मी.	281.84	268.92	237.56	285.18	285.18
रुझान	सूचीबद्ध	*100*	*95*	*84*	*101*	*101*

48. यह देखा गया है कि क्षति अवधि में घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत तथा बिक्री कीमत और आयातों की पहुँच कीमत में वृद्धि हुई है। यह भी नोट किया गया है कि पूरी क्षति अवधि के दौरान आयातों की पहुँच कीमत उत्पादन की लागत से कम थी। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग लागत में वृद्धि के अनुपात में अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि नहीं कर पा रहा है। इस प्रकार यह नोट किया गया है कि संबद्ध आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास रहे हैं।

ग. <u>कम कीमत पर बिक्री</u>

49. संबद्ध आयातों की क्षतिरहित कीमत की तुलना पहुँच कीमत से करके कम कीमत पर बिक्री का मूल्यांकन किया गया है।

विवरण	**यूओएम**	**चीन**	**हाँग काँग**
क्षतिरहित कीमत	अमेरिकी $/ मी.	***	***
पहुँच कीमत	अमेरिकी $/ मी.	3.93	5.15
क्षति अंतर	अमेरिकी $/ मी.	***	***
क्षति अंतर	%	***	***
क्षति अंतर	श्रेणी	60-80	20-40

50. पहुँच कीमत और क्षतिरहित कीमत की तुलना से यह नोट किया गया है कि कम कीमत पर बिक्री न केवल अधिक है बल्कि यह उल्लेखनीय भी है।

ञ. <u>घरेलू उद्योग के संबंध में आर्थिक मानदंडों पर प्रभाव</u>

51. पाटनरोधी नियमों के अनुलग्नक-II में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की निष्पक्ष जाँच होगी। पाटनरोधी नियमों में आगे यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जाँच में बिक्री, लाभों, परिणाम, बाजार की हिस्सेदारी, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता के उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट; घरेलू कीमतों, पाटन के अंतर की मात्रा को प्रभावित करने वाले घटकों; नकद प्रवाह, सूचियों, रोजगार, पारिश्रमिक, वृद्धि,

पूंजी निवेश को बढ़ाने की क्षमता पर वास्तविक एवं संभावित नकारात्मक प्रभावों सहित उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले सभी संगत आर्थिक घटकों और सूचकांकों का एक वस्तुनिष्ठ तथा निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए।

(क) <u>उत्पादन, क्षमता, क्षमता का उपयोग और बिक्री</u>

52. उत्पादन, क्षमता, क्षमता के उपयोग और बिक्री के संदर्भ में घरेलू उद्योग का प्रदर्शन निम्नानुसार है:

विवरण	**इकाई**	2015-16	2016-17	2017-18	**पीओआई**	
					वास्तविक	**वार्षिकीकृत**
क्षमता	000 मी.	***	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*100*	*100*
उत्पादन	000 मी.	***	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*92*	*84*	*90*	*90*
क्षमता उपयोग	% (श्रेणी)	80-100	80-100	60-80	80-100	80-100
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*92*	*84*	*90*	*90*
घरेलू बिक्री	000 मी.	***	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*89*	*92*	*90*	*90*

53. यह देखा गया है कि-

क. जांच की अवधि सहित क्षति की पूरी अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा संस्थापित क्षमता एक समान रही है।

ख. उत्पादन और क्षमता उपयोग में 2016-17 में गिरावट आई और बाद में 2017-18 में भी गिरावट आई परंतु जांच की अवधि के दौरान इसमें वृद्धि हुई। तथापि आधार वर्ष से तुलना करने पर जांच की अवधि के दौरान उत्पादन और क्षमता उपयोग में गिरावट आई है।

ग. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में और आधार वर्ष की तुलना में गिरावट आई है।

ख. <u>माँग में बाजार की हिस्सेदारी</u>

54. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी पर पाटित आयातों के प्रभावों की नीचे दिए गए अनुसार जाँच की गई है-

विवरण	**इकाई**	2015-16	2016-17	2017-18	**पीओआई**	
					वास्तविक	**वार्षिकीकृत**
घरेलू उद्योग	% (श्रेणी)	20-30	20-30	20-30	20-30	20-30
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*101*	*106*	*86*	*86*
अन्य भारतीय उत्पादक	% (श्रेणी)	50-60	50-60	50-60	50-60	50-60
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*99*	*95*	*105*	*105*
संबद्ध देश	%	17.40	17.35	18.59	17.70	17.70
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*107*	*102*	*102*
अन्य देश	%	0.59	0.85	0.99	1.06	1.06
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	*100*	*144*	*168*	*180*	*180*

55. यह नोट किया गया है कि वर्ष 2017-18 तक घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी है परंतु जांच की अवधि के दौरान इसमें थोड़ी गिरावट आई है। संबद्ध देशों की बाजार हिस्सेदारी जांच की पूरी अवधि के दौरान बढ़ी है।

ग. <u>मालसूचियाँ</u>

56. संबद्ध वस्तुओं की सूची से संबंधित आंकड़े निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए हैं-

विवरण	**इकाई**	2015-16	2016-17	2017-18	**पीओआई**	
					वास्तविक	**वार्षिकीकृत**
औसत स्टॉक	000 मी.	***	***	***	***	***
प्रवृति	*सूचीबद्ध*	100	136	141	133	133

